







Shri Gopala HOSPITAL
श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल



बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध



24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज



बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

**समस्या :** मरीजों को टेस्ट करवाने के लिए कम से कम दो हजार रुपए खर्च करना पड़ रहा

# मेडिकल कॉलेज के जिला अस्पताल में एक माह से एक्सरे फिल्म व एक सप्ताह से रीएजेंट नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर में मेडिकल कॉलेज के प्रारंभ हो जाने से जिला अस्पताल उनके अधिपत्य में चला गया और यहाँ की अब पूरी व्यवस्था की जिम्मेदारी मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता यानी डीन के कंधे पर है, परंतु लापरवाही का आलम यह है कि एक माह से एक्सरे फिल्म नहीं है वहीं इसके अलावा एक सप्ताह से रीएजेंट नहीं होने के कारण अधिकतम टेस्ट नहीं हो पा रहे है। मेडिकल कालेज की अधिष्ठाता यानी डीन को इस विषय पर वाट्सएप भी किया गया। अंत में अधिष्ठाता ने वाट्सएप कांल किया और कहा कि फाइल कंपलीट नहीं थी। और दो से तीन दिन में एक्सरे फिल्म आ जाएगी।

- अस्पताल अधीक्षक ने बताया कि खरीदी करने अनुमति लेनी पड़ती है, फाइल भेजी जा चुकी

मेडिकल कालेज अस्पताल में एक माह से एक्सरे की फिल्म नहीं होने से एक्सरे विभाग की समस्या का अंदाज लगाया जा सकता है। सबसे ज्यादा दिक्कत एमएलसी प्रकरणों पर हो रही है, उसमें प्रकरण में फिल्म को संल्गन किया जाता है। एक माह के पहले से एक्सरे विभाग फिल्म के लिए अस्पताल अधीक्षक को मौखिक व लिखित में बता रहे है, वहीं अस्पताल अधीक्षक ने इसे खरीदने के लिए अधिष्ठाता से अनुमति माँगने के लिए फाईल भेजा, परंतु लगभग डेढ़ माह पहले मेडिकल कॉलेज की पदस्थ नवनियुक्त अधिष्ठाता यानी डीन यास्मीन खान ने 11 नवंबर तक अनुमति नहीं दिया, उसी का परिणाम रहा कि अभी तक एक्सरें फिल्म नहीं खरीदी जा सकी। इसके अलावा हमर लैब व सामान्य लैब में रीएजेंट नहीं होने के कारण अधिकतम टेस्ट नहीं हो पा रहे है। मरीज बेहद परेशान हो गए है। लैब में टेस्ट नहीं होने के कारण चिकित्सक टेस्ट के लिए लिख रहे है, अस्पताल में भर्ती मरीजों का सैंपल लेने के लिए प्राइवेट लैब वाले पहुँच रहे है और मरीजों से लगभग 2 हजार रूपएं तक वसूला जा रहा है। मध्यम ▶▶| शेष पेज 10 पर









### अधिष्ठाता यानी डीन नए नंबर को नहीं करती रिसीव

मेडिकल कालेज के अस्पताल में फैली अव्यवस्था को लेकर नवनियुक्त अधिष्ठाता यानी डीन डा. यास्मीन खान से 11 नवंबर को हरिभूमि ने सुबह 11 बजकर 49 मिनट पर काँल किया, परंतु काँल रिसीव नहीं हुआ। इसके उपरांत सायं 5 बजकर 45 मिनट पर काल किया गया। परंतु काल रिसीव नहीं हुआ। इसके उपरांत 5 बजकर 54 मिनट पर वाट्सएप मैसेज किया गया, उसका जवाब आने के बजाए डीन ने सायं 6 बजकर 27 मिनट पर वाट्सएप काल किया। उन्होंने बताया कि फाइल कंपलीट नहीं आई थी, इसलिए अनुमति नहीं दी गई थी। फाइल कंपलीट होकर आ गई है, आज ही अनुमति दे दी जाएगी। दो से तीन दिन में एक्सरे फिल्म आ जाएगी। एक्सरे फिल्म नहीं है, परंतु एक्सरे हो रहे है। उनका यह भी कहना था कि आपका नंबर मेरे मोबाइल में लोड नहीं होने के कारण मैंने काल रिसीव नहीं किया और दिनभर बैठक होने के कारण वाट्सएप नहीं देख पाई।

### विधायक ने जताई नाराजगी

विधायक आशाराम नेताम से इस विषय पर बात किया गया तो उनका कहना था कि मेडिकल कालेज के अस्पताल में एक माह से एक्सरे फिल्म नहीं है और एक सप्ताह से रीएजेंट नहीं है, इसकी जानकारी मुझे आज तक मेडिकल कालेज प्रबंधन के द्वारा जानकारी नहीं दी गई है। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन की लापरवाही से मेडिकल काँलेज के अस्पताल में पहुँचने वाले मरीज परेशान हो रहे है, यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होने डीन के फोन नहीं उठाने पर नाराजगी जताई, उनका कहना था कि पब्लिक सर्वेट है, किसी का भी फोन आता है, उसे उठाकर जवाब देना चाहिए, ऐसी लापरवाही करने वाले सुधर जाएं।

### अनुमति के लिए फाइल भेजी गई

अस्पताल अधीक्षक डा. विमल भगत से एक्सरे फिल्म व रीएजेंट नहीं होने की जानकारी हरिभूमि ने लिया, उन्होने स्वीकार किया कि एक माह से एक्सरे फिल्म नहीं है और एक सप्ताह से रीएजेंट नहीं है। खरीदी में नियमों का कड़ाई से पालन होने के कारण यह सभी खरीदी के लिए अधिष्ठाता यानी डीन से अनुमति लेना पड़ता है। अनुमति के लिए फाइल भेजी गई है, अनुमति मिलने के बाद ही खरीदी संभव हो पाएगा।

## खबर संक्षेप



### जिला अस्पताल को मिली हैण्डी फण्डोस्कोपी मशीन

**कांकेर।** मधुमेह से ग्रसित मरीजों की आंखों की रेटिना की जांच अब आसानी से की जा सकेगी, क्योंकि उन्हें एनपी-एनसीडी कार्यक्रम के अंतर्गत जिला अस्पताल को विश्व स्वास्थ्य संगठन डब्ल्यूएचओ द्वारा डायबेटिक रेटिनोपैथी की स्क्रीनिंग करने के लिए हैण्डी फण्डोस्कोपी मशीन मिल गई है। सीएमएचओ डॉ. महेश शांडिया ने बताया कि यह मशीन विशेष तौर पर मधुमेह से पीड़ति ऐसे व्यक्ति जिनको देखने में दिक्कत हो, उनकी जांच के लिए हैं। उन्होंने बताया कि डायबेटिक रेटिनोपैथी की स्क्रीनिंग के लिए डॉ. चंद्रकांत मित्तल, नेत्र चिकित्सक, जिला चिकित्सालय कांकेर व डॉ. आशीष साहू नेत्र सहायक अधिकारी, नरहरपुर को डब्ल्यूएचओ की भारत इकाई के द्वारा एम्स दिल्ली से प्रशिक्षित किया गया है।

### टावर का रेंज नहीं बढ़ाए जाने से उपभोक्ता परेशान



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के मन्हाकाल में लगा मोबाइल टावर के रेंज नहीं बढ़ाए जाने से उपभोक्ता परेशान हैं। लगातार नेटवर्क बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। फिर भी कंपनी ध्यान नहीं दे रही है। ग्रामीण बिकेश ध्रुव ने बताया कि मन्हाकाल में टावर लगा है, लेकिन नेटवर्क 500 मीटर से भी अधिक नहीं है। गांव से 500 मीटर दूर जाने पर नेटवर्क नहीं मिलता है, जिससे हमारे गांव से मोबाइल चलाने वाले सभी लोग परेशान हैं। इन्होंने कंपनी और जिला प्रशासन से मांग की है कि टावर की नेटवर्क रेंज बढ़ाई जाए, ताकि गांव के अलावा अन्य गांवों के लोगों को सुविधा मिल सके।

## नगरीय निकाय निर्वाचन-2024 निर्वाचक नामावली तैयार करने संशोधित आदेश जारी

**अंतिम प्रकाशन 11 दिसम्बर को**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों के आम निर्वाचन 2024-25 कराए जाने फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने संशोधित आदेश (समय अनुसूची) जारी किया गया है। स्थानीय निर्वाचन शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार द्वितीय चरण में 13 नवम्बर से दावे तथा आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी तथा इसकी अंतिम तिथि 20 नवम्बर को अपरान्ह 3 बजे तक का समय निर्धारित की गई है। इसी तरह दावा-आपत्तियों के निपटारे की अंतिम तिथि 24 नवम्बर है, जबकि प्ररूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 27 नवंबर तथा प्राप्त दावों का निराकरण 30 नवंबर को किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्राप्त दावा-आपत्तियों के निराकरण आदेश के विरूद्ध अपील निराकरण आदेश पारित होने के 5 दिवस के भीतर किया जा सकेगा। साथ ही सॉफ्टवेयर में 5 दिसम्बर तक परिवर्धन, संशोधन एवं विलोपन के प्रकरणों की प्रविष्टि की जाएगी। चेकलिस्ट की निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जांच करवाने तथा पीडीएफ मुद्रण हेतु 7 दिसम्बर तक जिला कार्यालय को सौंपा जाएगा और 10 दिसम्बर तक अनुपूरक सूची का मुद्रण और अनुपूरक सूची को मूल सूची के साथ संलग्न करने के बाद निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 11 दिसम्बर को किया जाएगा।

## देवउठनी के लिए सजा गन्ने का बाजार, आज होगी पूजा



**कांकेर।** जिले में देवउठनी पर्व के लिए पूजन में इस्तेमाल होने वाला गन्ना का बाजार कांकेर में सजकर तैयार हो गया है। गन्ना बेचने के लिए स्थानीय किसान व कोचिया दूसरे जिलों से कांकेर पहुंचे हैं। आज देवउठनी को लेकर पूजा की तैयारी लोग करने में जुट गए है।

- कांकेर के बाजार में 40 से 50 रूपए जोड़ी में बिका

जिले के किसान के साथ-साथ अन्य जिले के भी किसान गन्ना बेचने के लिए पहुंच रहें है। दूसरे जिलों से गन्ना आने की वजह से कई जगह ज्यादा दाम चुकाना लोगों की मजबूरी है। सफेद गन्ने के मुकाबले लाल गन्ना ज्यादा महंगा बिक रहा है। रसीला और ज्यादा मीठा होने से लोग लाल गन्ने को ज्यादा पसंद करते हैं। एक साबूत लाल गन्ना सोमवार 11 नवंबर को कांकेर के बाजार में 20 से 30 रुपए में और जोड़ी 40 से 50 रूपए में बिका, वहीं मोटा गन्ना 140-150 रूपए में बिक रहा था। सफेद गन्ना 10 से 20 रुपए की दर से बिका। गन्ने की फसल साल भर में तैयार होती है। गुड़ बनाने की बजाय एकादशी पर खुले में गन्ना बेचना ज्यादा फायदेमंद है। त्यौहारी सीजन की वजह से लोग हाथों हाथ गन्ना खरीद लेते हैं। गढ़पिछवाड़ी से गन्ना बेचने पहुंचे किसान ने बताया कि पतले गन्ना को 40-50 रूपएं जोड़ी और मोटा लाल गन्ना को 140-150 रूपए में बेच रहे हैं। मंगलवार 12 नवंबर को देव उठनी एकादशी का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इसे देव दीपावली भी कहते हैं। ऐसे में एक बार फिर दिवाली के बाद बाजारों में रौनक लौट आई। पूजन के लिए एक दिन पहले से ही बाजारों में रौनक बढ़ गई थी। पूजा के लिए ▶▶| शेष पेज 10 पर

## बस की टंकी से डीजल चोरी करने वाले को चालक ने दबोचा

**कांकेर।** माकड़ी में खड़ी सवारी बस के डीजल टंकी से डीजल चोरी करने वाले आरोपी को बस के चालक ने डीजल चोरी करते हुए एक चोर को पकड़ा और अन्य उसके साथी भागने में कामयाब हो गए। माकड़ी ढाबा के स्टाप और बस चालक ने पकड़े चोर को पुलिस को सौंपा। पुलिस ने पकड़े चोर से साथियों की पूछताछ किया और अन्य दो सार्थियों को भी दबोचा। यह तीनों चोर खड़े वाहनों से तेल निकालकर अन्य वाहनों के चालकों को औने पौने दाम में बेचने का काम करते थे। कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे पंजाब के लुधियाना जिला ग्राम कटानिकला निवासी 31 वर्षीय ओमकार सिंह मांगट पिता तेजेद्र सिंह मांगट ने पुलिस को बताया कि हाल में कांकेर रोडवेज वर्क शॉप छोकरा नाला रायपुर में रहता हूं और कांकेर रोडवेज के बस क्रमांक सीजी 19 एफ 2277 का चालक हूं। मैं 9 नवंबर को बस में यात्री लेकर बैलाडिला से रायपुर के लिए निकला था। रास्ते में कांकेर नया माकड़ी होटल के पास बस बिगड़ जाने से बस को नया माकड़ी होटल के सामने खड़ी किया और बस में सो गया। अगले दिन 10 नवंबर को अपने बस को बनवाया था कि शाम करीबन 7 बजे बस को हाँटल के सामने खड़ी कर फ्रेस होने चला गया। वापिस अपने साथी समीर अली के साथ आया तो देखा कि गजानंद यादव अपने साथी राधे के साथ मेरे बस के डीजल टंकी में पाईप डालकर जरकीन में डीजल को डालकर चोरी कर रहा था, जिन्हे पकड़ने के लिए दौड़ाया तो गजानंद यादव पकड़ा गया तथा उसका साथी राधे पाईप लेकर वहां से भाग गया। घटना के बारे में मैंने एजेंट को मोबाईल से जानकारी दिया। उसके बाद मैं गजानंद यादव को चोरी किए हुए डीजल जरकिन के साथ थाना लेकर गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 3 (5), 305(बी) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।थाना प्रभारी मनीष नागर ने बताया कि डीजल चोरी में संलिप्त 40 ▶▶| शेष पेज 10 पर

- पुलिस ने फरार अन्य दो आरोपियों को भी पकड़ा



## शादी के लिए किसान ने घर में रखे थे जेवर, अज्ञात चोर लेकर हो गया फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर





- हल्बा चौकी अंतर्गत डूमरपानी का मामला

हल्बा चौकी अंतर्गत डूमरपानी में किसान के घर में अज्ञात चोर ने धावा बोलकर घर में रखे सोने व चांदी के जेवरात की चोरी कर फरार हो गया। किसान की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जाँच शुरू कर दिया है।

चोरी की शिकायत करने हल्बा चौकी पहुँचे किसान डूमरपानी निवासी रमिता मंडावी पिता लखनराम मंडावी ने पुलिस को बताया कि 8 नवंबर को सुबह 11 बजे पूरे परिवार वाले के साथ खेत गए थे। घर को सुना देख चोर ने मौके का फायदा उठाते हुए कीमती सामन, सोना-चांदी के गहने को चोरी कर लिया। चोरी हुए सामान में शादी के लिए खरीदे गए गहने के साथ-साथ मां और बहन के गहने भी शामिल है। जब हम लोग खेत से 3 बजे घर पर वापस पहुंचे तब हमारे घर के सामने वाले दरवाजा का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखने पर आलमारी का ताला भी टूटा हुआ मिला। अज्ञात चोर ने घर से मंगलसुत्र, झुमकी, कान के चैन, मराठी माला, सोना का मोती, 2 नग पायल, गुलबंद कीमत 2 लाख 70 हजार 730 रूपएं व अन्य गहने इयररिंग 2 जोड़ी टाप्स, 1 नग कान का झुमका, 2 नग कमर बंद, 2 नग मंगल सुत्र, 3 जोड़ी पायल को अज्ञात ने चोरी कर लिया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305 (ए), 331 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

जिले में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। चोरों ने पुलिस की नाक में दम कर रखा है। कही से बाईक की चोरी हो रही, तो कही से सुने मकानों का ताला तोड़कर चोर चोरी की घटना को अंजाम दे रहें है। चोरी का शिकार हुए कई लोग गरीब व किसान है, जो घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद अपने सामान व पैसा वापिस मिलने की आस में रहते है। कोई अपने मां का इलाज के लिए पैसा जमा करके रखा रहता है तो कोई अपने बेटी की शादी के लिए गहना लेकर रखा रहता। उसे भी चोरी कर ले जाते है। डूमरपानी में चोरी की घटना सामने आई है, जहां किसान ने शादी के लिए गहना खरीदकर रखा था, जिसे चोर ने चोरी कर लिया।

**जवानों की ट्रेनिंग पर आधारित एक लघु फिल्म दिखाई गई**

# केंद्रीय विद्यालय के छात्रों ने जंगलवार कालेज में गुरिल्ला युद्ध को बारिकी से जाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

केंद्रीय विद्यालय के छठवीं, सातवीं और आठवीं के छात्रों को साल में 10 दिन बैगलेस डे का आयोजन करना है। उसी के तहत इन कक्षाओं के छात्र 11 नवंबर को जंगलवार कॉलेज में गुरिल्ला युद्व का जो प्रशिक्षण जवानों को दिया जाता है, उसे बारीकी से जाना। छात्रों ने अफसरों से कई प्रश्न भी दागे, उनका समाधान भी किया गया।

- अफसरों से सवाल पूछकर जिज्ञासा का किया समाधान

केंद्रीय विद्यालय में बस्तामुक्त दिवस यानी बैगलेस डे के अवसर पर कक्षा छठवीं, सातवीं और आठवीं के लिए एक शैक्षिक भ्रमण के तहत प्राचार्य राजू गोस्वामी के नेतृत्व में जंगलवार कॉलेज पहुँचे। जंगलवार कॉलेज के असिस्टेंट कमांडेंट अमर सिंह कुर्रे और उनकी टीम ने उनका स्वागत किया। असिस्टेंट कमांडेंट और उनकी टीम ने छात्रों को जंगलवार कॉलेज के बारे में विस्तृत जानकारी दिया और उसके उपरांत छात्रों को कॉलेज के विभिन्न विभागों का भ्रमण कराया। छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें कॉलेज में दी जाने वाली विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण के बारे में बताया गया। भ्रमण के दौरान छात्रों को कॉलेज के म्यूजियम में जवानों की ट्रेनिंग पर आधारित एक लघु फिल्म दिखाई गई। इस फिल्म ने छात्रों में देशभक्ति की भावना को और प्रबल किया और उन्हें आत्मरक्षा के गुण सिखाए। इसके अतिरिक्त छात्रों को अस्त्र-शस्त्र के बारे में जानकारी दिया गया। प्रशिक्षक दल से छात्रों ने प्रश्न भी पूछे, जिनका समाधान प्रशिक्षक दल ने दिया। छात्रों ने विशेष रूप से प्रशिक्षित डाग शो का भी आनंद लिया। अंत में असिस्टेंट कमांडेंट के साथ छात्रों का फोटो सेशन आयोजित किया गया और एक संक्षिप्त बैठक हुई।







### विद्यार्थियों ने देशसेवा का महत्व समझा

शैक्षिक भ्रमण से छात्रों ने न केवल सुरक्षा और आत्मरक्षा के गुण सीखे, बल्कि उन्होंने देश सेवा का महत्व भी समझा। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को ज्ञानवर्धक अनुभव प्रदान करना था। इस प्रकार बस्ता मुक्त दिवस की प्रथम दिवसीय गतिविधि सम्पन्न हुई।

## पाठक सूचना

कांकेर जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप



### टेमरूगांव में सोलर लाइट के नाम पर हो रहा राशि का दुरुपयोग

**नारायणपुर।** जिला भाजपा अध्यक्ष रूपसाय सलाम के नेतृत्व में भाजपाइयों ने जिला कलेक्टर को जनदर्शन में ज्ञापन सौंपकर सोलर लाइट के नाम पर किए जा रहे 15 वें वित्त की राशि के दुरुपयोग पर कार्रवाई की मांग की । इस दौरान बृजमोहन देवांगन , उत्तमचंद जैन , नाडू नाग, बृज मानिकपुरी, अभिषेक झा , प्रितेश जैन , अभिषेक बेनर्जी , जैकी कश्यप , अविनाश देवांगन , अनुज जोशी, संतोष सुराना एवं अन्य भाजपाई मौजूद रहे । ज्ञापन में भाजपाइयों ने ग्राम पंचायत टेमरूगांव में 15 वित्त कि राशी का दुरुपयोग करते हुये एवं शासन द्वारा निर्धारित मापदण्ड 09 थीम पर कार्य ना कर पंचायत द्वारा एक ही कार्य पर बिना नियमों का पालन करते हुये वेन्डर को लाभ पहुँचाये के उद्देश्य से व ग्राम पंचायत के विकास से दूर स्वयं के निजी लाभ हेतू किया जाना स्पष्ट प्रतीत हो रहा है। आज दिनांक तक कार्यवाही लंबित है जिसमे भी जाँच पूर्ण कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। अनियमितता की जांच कर दोषियों के खिलाफ एफआईआर कराई जाए।

### निर्माणाधीन स्टेडियम का विधायक और कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**कोण्डागांव।** वर्षोंर से रुके हुए निर्माणाधीन स्टेडियम को फिर से सक्रिय करने के उद्देश्य से आज कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी और कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कनेरा रोड स्थित स्टेडियम का निरीक्षण किया। इस मौके पर अधिकारियों के साथ स्टेडियम के नए निर्माण कार्यों की योजना और खेल गतिविधियों की संभावनाओं पर चर्चा की गई। विधायक सुश्री लता उसेंडी ने बताया कि लंबे समय से रुके हुए इस स्टेडियम के निर्माण को अब नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाने का फैसला लिया गया है। नए टेंडर प्रक्रिया के बाद यह स्टेडियम शीघ्र ही पूरा होगा, जिसमें क्रिकेट, खो–खो, कबड्डी, हॉकी और फुटबॉल जैसे खेलों के साथ–साथ रात्रिकालीन मैचों के आयोजन की सुविधा भी होगी। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतू उसेंडी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई और संबंधित विभागों के अधिकारी–कर्मचारी भी उपस्थित रहे। यह स्टेडियम कोंडागांव के खेलप्रेमियों और युवा प्रतिभाओं को एक नया मंच प्रदान करेगा।

## पेज 9 के शेष

### मेडिकल कॉलेज के...

व पैसे वाले ईलाज तो रायपुर व अन्य बड़ी अस्पताल में करवा लेते है, परंतु मेडिकल कॉलेज में पहुँचने वाले गरीब मरीजों के पास यह टेस्ट करवाने के लिए 2 हजार रूपएं नहीं होते है, मजबूरी में उधारी में पैसे का इंतजाम करवाकर टेस्ट करवाने के लिए मजबूर हो रहे है।

### देवउठनी के लिए...

लोग गन्ना और सिंघाड़ा लेने पहुंचे। हालांकि बाजार में इस बार महंगाई का ज्यादा असर है। व्यापारियों का कहना है कि इस साल गन्ने के रेट में बढ़ोतरी हुई है।

### बस की टंकी...

वर्षीय गजानंद यादव पिता स्व. रमेश यादव, 25 वर्षीय राधे कोमरा पिता रत्तीराम कोमरा, 35 वर्षीय विष्णु यादव पिता मुरहाराम यादव तीनों निवासी श्रीरामनगर कांकेर को गिरफ्तार किया गया है और न्यायालय में पेश किया गया है।

# जांच अभियान में पहचान छुपाई, 23 संदिग्ध व्यक्तिओं को पुलिस ने हिरासत में लिया

## कोण्डागांव पुलिस ने न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

थानांतर्गत पुलिस ने 23 संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशेलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। पुलिस टीम द्वारा चलाए गए सघन जांच अभियान में ये व्यक्ति अपनी पहचान छिपाते हुए पाए गए। न्यायालय में पेशी के बाद सभी को जगदलपुर केन्द्रीय जेल भेज दिया गया।

### ज्यादातर दूसरे राज्यों के

पकड़े गए लोगों में दूसरे राज्य के लोग ज्यादा शामिल हैं। इनमें पश्चिम बंगाल, बिहार व झारखंड से आए ज्यादा लोग है। हालांकि पुलिस ने आरोपियों को केंद्रीय जेल जगदलपुर भेज दिया है। इनके बारे में अन्य जानकारियां जुटाई जा रही हैं पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार किए गए लोगों में ज्यादातर बंगाल, बिहार व झारखंड के लोग हैं। इनकी गतिबिधियों की जांच की जा रही है।



### गिरफ्तार किए गए संदिग्धों के नाम

नीछारूद्दीन शेख पश्चिम बंगाल, फारमुझ अली पश्चिम बंगाल, आजीजून शेख पश्चिम बंगाल, सिराजुदीन शेख पश्चिम बंगाल, मुफीजूल शेख पश्चिम बंगाल, सलाम खान पश्चिम बंगाल, एमडी झाहिरूद्दीन पश्चिम बंगाल, अलीउजमान पश्चिम बंगाल, अब्दुल खाबीर पश्चिम बंगाल, खुर्शीद अली पश्चिम बंगाल, फिरोज मोमीन पश्चिम बंगाल, शेख मुख्तार बिहार, मो. रीहान झारखंड, सावली बिल्डर मध्य प्रदेश, राजू जाटव उत्तर प्रदेश, सननाम मध्य प्रदेश, कुलदीप सिंह उत्तर प्रदेश, दीपक चौहान मध्य प्रदेश, ब्रजमोहन मध्यप्रदेश, जनैल सिंह उत्तर प्रदेश, इंजिमामुल हक झारखंड, जसमुददीन अंसारी झारखंड, मो. इरशाद आलम बिहार इस कार्रवाई में सउनि राम—ष्णा जैन, सउनि गनपत कश्यप और आरक्षक सुखीराम राजपूत का विशेष योगदान रहा।

### केशकाल थाना क्षेत्र में 4 संदिग्धों पर कार्रवाई

**कोण्डागांव/केशकाल।** जिले में अपराधों पर अंकुश लगाने और संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर नियंत्रण करने के निर्देश पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ले निर्देश दिए थे। अति. पुलिस अधीक्षक कौशेलेन्द्र देव पटेल के निर्देशन में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोण्डागांव भूपत सिंह के मार्गदर्शन में, थाना प्रभारी निरीक्षक विकास बघेल के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। यह टीम थाना क्षेत्र में सघन जांच और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखे हुए है। दिनांक 11 नवम्बर 2024 को, केशकाल थाना क्षेत्र में गश्त के दौरान चार संदिग्ध व्यक्तियों को पुलिस टीम द्वारा पकड़ा गया। ये चारों व्यक्ति अपनी उपस्थिति छिपाने की कोशिश कर रहे थे। जब उनसे नाम और ठिकाने के बारे में पूछताछ की गई, तो पहले तो उन्होंने जानकारी देने से इंकार किया। इस कार्रवाई को सफल बनाने में स.उ.नि. निहार रंजन मंडल, प्र.आर. संजय बिसेन, आरक्षक मनोहर निषाद और उमेश दास का विशेष योगदान रहा।



### इन पर हुई कार्रवाई

मीर आशिफ, पिता मीर जुबेर, उम्र 21 वर्ष, निवासी कोरवासा बिरनिया, थाना बौसी, जिला बांका, बिहार। मोहम्मद गुफरान, पिता मोहम्मद रियाज, उम्र 23 वर्ष, निवासी बिरनिया, थाना बौसी, जिला बांका, बिहार। मोहम्मद अकबाल, पिता मुस्ताक, उम्र 27 वर्ष, निवासी बिरनिया, थाना बौसी, जिला बांका, बिहार। मोहम्मद राहुल, पिता मोहम्मद खलील, उम्र 20 वर्ष, निवासी बिरनिया, थाना बौसी, जिला बांका, बिहार। इन चारों व्यक्तियों का आचरण संदिग्ध पाया गया और उनके व्यवहार व गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए। इनके खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई। हुए धारा 128 बीएनएसएस 109 जा.फौ. के तहत इस्तगासा तैयार किया गया। इसके बाद इन्हें अनुविभागीय दंडाधिकारी न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां से आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

## दूसरे मैच का फैसला पेनाल्टी शूटआउट से, एमपी की टीम को विशाखापट्नम ने किया पराजित

# कोलकोता को एकतरफा मुकाबले में हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



जिला फुटबॉल संघ के तत्वावधान में आयोजित 11 दिवसीय अखिल भारतीय फुटबॉल स्पर्धा के पांचवें दिन दो मैच खेले गए। पहला मैच छग फुटबाल एसोसिएशन विरूध तारतला कोलकोता के मध्य खेला गया, जो एकतरफा साबित हुआ। इस मैच में छग फुटबाल क्लब ने कोलकोता को 3 गोल से पराजित किया। वहीं दूसरा मुकाबला विशाखापट्नम विरूध मध्यप्रदेश के मध्य खेला गया, जो निर्धारित समय तक 1-1 गोल की बराबरी पर रहे। इसके उपरांत पेनाल्टी शूटआउट से फैसला हुआ, जिसमें विशाखापटनम की टीम ने 1 के मुकाबले 3 गोल से जीत दर्ज करने में कामयाब रही।

■ आज चेन्नई पुलिस विरूध विशाखापट्नम व बड़वानी एमपी विरूध केरल के मध्य मुकाबला

सोमवार को खेले गए पहले मैच में सीजी फूटबाल क्लब की ओर से जर्सी नम्बर 11 अभिषेक ने मैच के 35 वें व 51 वें मिनट में अपनी टीम के लिए दो गोल किया। वहीं जर्सी नम्बर 7 प्रकाश ने मैच के 60 वें मिनट में अपनी टीम के लिए तीसरा गोल किया। इसके जवाब में निर्धारित समय तक कोलकोता की टीम कोई गोल नहीं कर सकी। हालांकि मैच के दौरान कोलकोता को गोल करने के कई मौके मिले लेकिन उसे गोल में तब्दील नहीं कर सके। एकतरफा मुकाबले में सीजी फुटबाल क्लब ने 3 गोल से जीत दर्ज की। छग की इस टीम में जगदलपुर के दो खिलाड़ी प्रणव मंडावी व रोहित जगत भी शामिल थे जिनका हाल ही में सतोंष ट्राफी के लिए चयन हुआ है। इस मैच में मुख्य निर्णायक ए विक्टर जॉर्ज के अलावा प्रफुल्ल कुमार, रायसिंग करेंगा व उमाशंकर दीपक रहे।

एमपी सागर व विशाखापटनम के मध्य खेला गया स्पर्धा का दूसरा मैच काफी रोमांचक रहा। मैच में पहला गोल विशाखापटनम के जर्सी नम्बर 5 प्रनीत ने मैच के 16 वें मिनट में अपनी टीम के लिए पहला गोल किया। इसके जवाब में मध्यांतर के बाद पहले मिनट में एमपी के जर्सी नम्बर 2 यश ने 46 वें मिनट में अपनी टीम के लिए गोल कर खेल को बराबरी पर ला दिया। इसके उपरांत निर्धारित समय तक दोनो टीम के कोई भी खिलाड़ी गोल नहीं कर सके 1-1 से बराबर रहने के बाद मुख्य निर्णायक विशाल प्रजापति ने पेलाल्टी शूटआउट का फैसला लिया। जिसमें एमपी सागर की ओर से एक ही खिलाड़ी गोल कर से वहीं विशाखापटनम की ओर से तीन खिलाड़ियों ने गोल किया इस मुकाबले को विशाखापटनम ने 3-1 से जीत दर्ज की। इस मुकाबले के हीरो गोलकीपर इशाक रहे जिन्होंने पेनाल्टी शूट आउट के दौरान गोल बचाने में कामयाब रहे। इस मुकाबले के मुख्य निर्णायक विशाल प्रजापति के अलावा विजय आनंद, दीपक डहरिया व नितेश एक्का रहे।

### एसपी व एएसपी ने खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला



सोमवार को मैच के दौरान पहुंचे एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग ने खिलाड़ियों से मुलाकत कर उनका हौसला बढ़ाया और मैच का आनंद लिया। स्पर्धा में मंगलवार को दो मैच खेले जाएंगे। पहला मुकाबला चेन्नई पुलिस विरूद्ध विशाखापटनम व दूसरा मैच बड़वानी एमपी विरूद्ध केरल के मध्य खेला जाएगा। रोमांचक मैच देखने प्रतिदिन खेल प्रेमी बड़ी संख्या में इंदिरा गांधी प्रियदर्शिनी स्टेडियम पहुंच रहे हैं।

# नेशनल लोक अदालत की तैयारी के लिए हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

आगामी 14 दिसंबर 2024 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए आज प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव, उत्तरा कुमार कश्यप की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। यह बैठक प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के विश्राम कक्ष में अन्य न्यायाधीशों के साथ आयोजित की गई, जिसमें नेशनल लोक अदालत की कार्यप्रणाली, नियम और प्रक्रियाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में विशेष रूप से 5 से 10 वर्ष पुराने लंबित मामलों को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया। ताकि इन मामलों को लोक अदालत के माध्यम से शीघ्रता से निपटाया जा सके। न्यायालय में लंबित सिविल, दांडिक, पारिवारिक, मोटर दुर्घटना, चेक बाउंस, और बीमा से जुड़े मामलों को भी नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। ताकि जनता को त्वरित और सुलभ न्याय मिल सके। सभी न्यायाधीशों ने नेशनल लोक अदालत के प्रभावी संचालन के लिए सहयोग और समर्थन का संकल्प लिया। यह आयोजन कोण्डागांव जिले के नागरिकों के लिए त्वरित और सुलभ न्याय प्राप्ति में सहायक सिद्ध होगा, और नेशनल लोक अदालत के माध्यम से समाज में न्यायिक व्यवस्था की प्रभावशीलता बढ़ेगी।

### ये रहे मौजूद

*बैठक में कमलेश कुमार जुर्री, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश एफ.टी.एस.सी पाक्सो कोण्डागांव, विक्रम प्रताप चन्द्रा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, श्रीमती यशोदा नाग, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, शिव प्रकाश त्रिपाठी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, और कु. गायत्री साय, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने भी भाग लिया।*

# दो ट्रक में भिड़त, एक चालक की मौत

## सिंगनपुर पेट्रोल पंप के पास हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल



जिले के सिंगनपुर पेट्रोल पंप के पास बीती रात 2 ट्रकों में भिड़ंत हो गई। ट्रकों की भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि दोनों ट्रकों के सामने से परखच्चे उड़ गए। वहीं इस घटना में एक ट्रक का चालक फंस गया। जिसे पुलिस के साथ ही आमजनों के द्वारा घंटों की मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। उसे कांकेर अस्पताल भेजा गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। ट्रकों में आमने-सामने से हुई भिड़ंत के बाद एक ट्रक का चालक बुरी तरह से फंस गया, जिसे निकालने के लिए क्रेन को बुलाया गया। फायरब्रिगेड और क्रेन की मदद से फंसे ड्राइवर को बाहर निकाला गया। चालकों को बाहर निकालने में लगभग 2 घंटे से अधिक का समय लग गया। दूसरे चालक की हालत गंभीर है। इस दुर्घटना में ड्राइवर बुरी तरह घायल हो गए है। करीब 2 घंटे बाद ट्रक चालकों को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। इसके बाद गंभीर हालत में 108 एंबुलेंस की सहायता से दोनों ड्राइवर को केशकाल हॉस्पिटल भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायल एक ड्राइवर को कांकेर अस्पताल रेफर किया गया, जहाँ उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

जिला अस्पताल में जेनेरिक दवाओं की सुविधा के संबंध में ली जानकारी

# जनऔषधि केंद्र व धन्वंतरी मेडिकल स्टोर का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



कलेक्टर कुणाल दुदावत ने रविवार को जिला अस्पताल का निरीक्षण करते हुए जेनेरिक दवाओं की उपलब्धता और उनकी बिक्री पर विशेष ध्यान दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में स्थापित जन औषधि केंद्र और धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया। उन्होंने उपलब्ध दवाओं की गुणवत्ता, मात्रा और बिक्री के आँकड़ों का गहनता से जायजा लिया। जेनेरिक दवाई आम दवाओं की तुलना में काफी सस्ती होती है और गुणवत्ता में भी बेहतर होती है। जन औषधि केंद्र और धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर की स्थापना का मुख्य उद्देश्य किफायती दरों पर उच्च गुणवत्ता की दवाइयाँ उपलब्ध कराना है। कलेक्टर दुदावत ने स्टोर में कार्यरत कर्मचारियों से संवाद करते हुए दवाओं की नियमित आपूर्ति और बिक्री आँकड़ों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि जेनेरिक दवाओं की उपलब्धता को बनाए रखने के लिए यह सुनिश्चित किया जाए कि आम जनता को आवश्यक दवाएँ सस्ते दामों पर मिल सकें। जिससे लोगों का इलाज बोझिल न हो और हर व्यक्ति को चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिल सके। इस दौरान कलेक्टर ने जेनेरिक दवाओं के प्रति जन जागरुकता बढ़ाने पर भी जोर दिया। उन्होंने अस्पताल के अधिकारियों से कहा कि जेनेरिक दवाओं के फायदे और इनकी गुणवत्ता के बारे में लोगों को जागरूक किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इनका लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि दवाओं की कीमतें कम होने के बावजूद गुणवत्ता में कोई कमी नहीं होनी चाहिए और लोगों को यह जानकारी होनी चाहिए कि जेनेरिक दवाएँ ब्रांडेड दवाओं के समान ही प्रभावी होती हैं। कलेक्टर दुदावत ने यह भी निर्देश दिए कि जरूरतमंदों को दवाइयों की आसानी से उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और अस्पताल में आने वाले रोगियों को किसी भी प्रकार की दवा की कमी का सामना न करना पड़े। जन औषधि केंद्र और धनवंतरी स्टोर में उपलब्ध दवाओं का रिकॉर्ड नियमित रूप से अपडेट रखने का भी निर्देश दिया। ताकि दवाओं की कमी की स्थिति में तुरंत आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

■ कर्मचारियों से की चर्चा और दिए निर्देश

### स्वास्थ्य सेवा बेहतर करने की पहल

इस निरीक्षण के माध्यम से कलेक्टर ने जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और भी अधिक प्रभावी बनाने का प्रयास किया, जिससे न केवल अस्पताल में आने वाले मरीजों को बल्कि पूरे जिले की जनता को इसका लाभ मिल सके। जन औषधि केंद्र और धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर की सेवाओं में सुधार और व्यापकता से जिले के स्वास्थ्य ढाँचे को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

# सुहागिन और महिलाओं ने मनाया आंवला नवमी पर्व



**दुर्गुकोंदल।** इस वर्ष भी दुर्गुकोंदल सहित पूरे अंचल में आंवला नवमी पूजा आयोजित की गई। आंवला पेड़ की सुहागिन और महिलाओं ने पारंपरिक ढंग से पूजा-अर्चना कर कन्या पूजन के साथ आंवला भोज आयोजित किया। आंवला पेड़ की छांव में बैठकर लोगों ने प्रसाद भोजन ग्रहण किया। आंवला नवमीं में पजूा करने वाली महिलाओं ने बताया कि आंवला नवमी पर पारंपरिक रूप से आंवला पेड़ की पूजा अर्चना की परंपरा है। उन्होंने बताया कि मान्यता है कि इस दिन आंवले के पेड़ के नीचे बैठकर भोजन करने से अक्षय सौभाग्य की प्राप्ति होती है। साथ ही भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की कृपा से आरोग्य फल की भी प्राप्ति होती है। आंवला नवमी पर दान पुण्य के साथ आंवला पेड़ की पूजा करने और उसकी छांव में भोजन करने का विशेष महत्व है क्योंकि शास्त्र अनुसार नवमी से लेकर पूर्णिमा तक भगवान विष्णु का वास आंवले की पेड़ पर रहते है और इस दौरान नवमी तिथि पर आंवले के पेड़ की पूजा करने से सभी मनोकामना पूरे होते हैं। संतान प्राप्ति के साथ जन आरोग्य का भी वरदान प्राप्त होता है। मान्यता यह भी अक्षय नवमी पर विधि- विधान के साथ पूजा अर्चना करने से सभी इच्छाएं पूर्ण होती है, इसलिए इसे इच्छा नवमी भी कहते हैं। रविवार को सुबह से विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी आंवला पूजन किया गया।

इस अवसर पर नीलम साहू, जोहतरीन गौतम, नमिता राय, भारती यादव, सती राजपूत, रतन व्यापारी, सरिता यादव, उत्तरा, रीता, सुशीला व अन्य महिलाएं शामिल रही।

# कर्तव्यों में जागरूक हों तो अपराध में आएगी कमी : डीजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



■ विधिक सेवा दिवस पर किया विधिक जागरूकता शिविर

विधिक सेवा दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश मनीष कुमार ठाकुर के मार्गदर्शन पर शनिवार को शहर के शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जिला न्यायाधीश द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। विधिक संकाय के छात्राओं द्वारा छत्तीसगढ़ी राजकीय गीत गाया। सत्र न्यायाधीश ने छात्र-छात्राओं को अपने दैनिक जीवन में विधि के उपयोग एवं कर्तव्यों का पालन करने एवं जागरूक करने हेतु प्रेरित करते हुए बताया कि अपने कर्तव्यों के बारे में जागरूक होंगे तो अपराध में कमी आएगी।

शिविर में जगमोहन शंकर पटेल, श्रीमती वंदना वर्मा जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश एवं रूपनारायण पठारे मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को पॉक्सो एक्ट से संबंधित जानकारी देते हुए विधिक सेवा प्राप्त करने प्रेरित किया। विधिक सेवा के रूप में कानूनी सलाह एवं सहायता प्राप्त करने हेतु प्रबंध कार्यालय की भूमिका बताते हुए विधिक सेवा समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक कैसे पहुंचाया जाए के संबंध में विस्तार से बताते हुए लोक अदालत, मध्यस्थता के माध्यम से प्रकरणों को शीघ्र निपटाने हेतु प्रेरित भी किया गया। विधिक जागरूकता शिविर में डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव प्राचार्य द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को विधि के ज्ञान से समाज के पिछडे. लोगों के उत्थान के लिए उपयोग करने तथा जीवन में अनुशासन बनाए रखने की सीख दी गई। शिविर में डॉ. मोहन सोलंकी प्राध्यापक सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, छात्र-छात्राएं तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी शामिल रहे।

### गरीब को मिले न्याय

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सुश्री अंकिता कश्यप द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण में आमजन कैसे निःशुल्क कानूनी सेवा प्राप्त कर सकते हैं बताते हुए विधिक सेवा दिवस मनाए जाने के संबंध में विस्तार से बताया। छात्र-छात्राओं को आर्थिक रूप से गरीब को न्याय प्राप्त करने में कोई कठिनाई ना हो, उसे विधिक सेवा अधिनियम के तहत लाभ प्रदान करने पर पहल करने प्रेरित किया गया।

## खबर संक्षेप

### संस्कार द स्मार्ट स्कूल ने 16वां वार्षिक उत्सव मनाया

**जगदलपुर।** संस्कार द स्मार्ट स्कूल का 16वां वार्षिक उत्सव का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। स्कूल के 16 वें वार्षिक उत्सव का थीम स्पेक्ट्रम रखा गया। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से की गई। इस अवसर पर शाला के 1100 विद्यार्थियों ने मंच पर आकर बड़े ही रोमांचक ढंग से प्रस्तुतिकरण दिया, जिसमें विद्यार्थियों ने भिन्न-भिन्न नृत्य के अनुसार पोषाक धारण किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के मुख्य अतिथि चेयरमेन रतनलाल जैन, विद्यालय के फाउंडर नारायण भावसार, चीफ एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर नवीन भावसार, डायरेक्टर श्रीमती सुमन भावसार, शाला की प्राचार्या श्रीमती ऐनीपाल, शाला एडमिन एलेक्स मैथ्यू, संस्कार द गुरूकुल के डायरेक्टर अमित जैन, श्रीमती नूतन जैन उपस्थित थे। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिक व रोटरी क्लब के सदस्य तथा बड़ी संख्या में पालकगण भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शाला के शिक्षक व शिक्षिकाओं ने अपना विशेष योगदान दिया।

### 48 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित 12 परिवारों को 48 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत तहसील जगदलपुर ग्राम आड़ावाल निवासी नायक की मृत्यु सांप काटने से पिता लोकनाथ को, ग्राम आसना निवासी धनो की मृत्यु इन्द्रावती नदी के पानी में डूबने से पुत्री कुमारी चम्पा को, तहसील बास्तानार ग्राम बास्तानार निवासी कोसो की मृत्यु खेत के पानी में डूबने से पत्नी सोमड़ी को, ग्राम बड़े काकलूर निवासी मंगलू की मृत्यु सांप काटने से पिता मुयो को, ग्राम बड़े किलेपाल निवासी आयते की मृत्यु मुण्डा डबरी के पानी में डूबने से पुत्र कोवा को, तहसील तोकापाल ग्राम सालेपाल निवासी लालो की मृत्यु खेत के पानी में डूबने से पुत्र गंगों को, ग्राम कुरेंगा निवासी लखन की मृत्यु सांप काटने से भाई तुलसी को, ग्राम साकरगावं निवासी भगत की मृत्यु तालाब के पानी में डूबने से पत्नी फूलमती को, ग्राम चोण्डी मेटावाड़ा निवासी सोनू की तालाब के पानी में डूबने से पत्नी आंधे को, तहसील दरभा ग्राम चितापुर निवासी सोनादई की मृत्यु नाला के पानी में डूबने से पुत्र लखमु को, तहसील भानपुरी ग्राम जामगांव निवासी कार्तिक की मृत्यु खेत के पानी में डूबने से पत्नी मंगली को प्रत्येक को चार-चार लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। इसी तरह तहसील बकावण्ड ग्राम राजनगर निवासी रमेश की मृत्यु खेत के गड्ढे के पानी में डूबने से पत्नी लखमी को चार लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

### सर्वसम्मति से अध्यक्ष बनाए गए बोमड़ाराम

# हमारा बस्तर हमेशा शांति के टापू के रूप में जाना जाए : कवासी






हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

एजुकेशन सिटी जावांगा के ऑडिटोरियम में सर्व समाज संघ के गठन हेतु बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें सभी समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। सभी समाज प्रमुखों ने एक स्वर में सर्व समाज संघ के गठन

- सर्व समाज संघ का जावंगा ऑडिटोरियम में हुआ गठन

पर जोर देते हुए इस विचार के प्रणेता बोमड़ा राम कवासी को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना। बस्तर को शांति का टापू बनाने के उद्देश्य से वरिष्ठ आदिवासी नेता बोमड़ा राम कवासी के आह्वान पर जावांगा ऑडिटोरियम में 11 नवंबर को अधिकांश समाज के प्रमुख, सदस्य व बड़ी संख्या में व्यापारी बंधु भी शामिल हुए। सभी समाज प्रमुखों ने अपने संबोधन में बस्तर की बेहतरी के लिए सर्व समाज संघ के गठन की बात कही। सभी ने इस अभिनव पहल के लिए आदिवासी नेता बोमड़ा राम कवासी को धन्यवाद देते हुए उनके हर फैसले में साथ खड़े होने की वचनबद्धता को दोहराई। जैन समाज की ओर से विमल चंद सुराना ने कहा कि सर्व समाज संघ के गठन का मुख्य उद्देश्य पूरे संभाग में एकजुट होकर शांति की ओर कदम बढ़ाने के साथ-साथ बस्तर के बेहतरी के लिए काम करना है। उन्होंने कहा कि सभी समाज के अपने अपने संगठन हैं। हम सबका समर्थन करते हैं। मगर सर्व समाज संघ में पूरे समाज के लोगों का प्रतिनिधित्व रहेगा। क्योंकि कोई छोटा संगठन अपनी लड़ाई अकेले नहीं लड़ सकता। हम हर लड़ाई को एकजुट होकर लड़ेंगे तो सफल होंगे।

सर्व समाज संघ के सूत्रधार वरिष्ठ आदिवासी नेता बोमड़ा राम कवासी ने कहा कि उनके दिमाग में सर्व समाज संघ के गठन की बात इसलिए आई कि वे भविष्य के बंटे हुए, जलते हुए, एक दूसरे से लड़ते बस्तर को देख रहे हैं। वो चाहते हैं कि हमारा बस्तर हमेशा शांति के टापू के रूप में जाना जाए। श्री कवासी ने अपने संबोधन में कहा कि समाज बाद में पहले हम इंसान हैं। हम सभी भारत देश के निवासी हैं। हमारा संविधान हम सभी को किसी भी प्रदेश में जीवकोपार्जन का अधिकार प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि हम सभी कभी न कभी, कही न कही से आकर यहां बसे हैं। उन्होंने कहा कि किसी समाज के गठन का उद्देश्य समाज का भलाई होता है। मगर आज हम एक दूसरे से लड़ने भिड़ने में अपना समय बर्बाद कर रहे हैं।

सलवा जुडूम आंदोलन को याद दिलाते हुए श्री कवासी ने कहा कि उस दौरान 700 से ज्यादा गांव उजाड़ दिए गए। लाखों की संख्या में आदिवासी अन्य प्रदेशों में अपना घर बार छोड़कर पलायन कर गए। मगर आजतक उन्हें वापस लाने का प्रयास किसी संगठन ने नहीं किया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सर्व समाज संघ उन सभी आदिवासी भाइयों को वापसी कराएगा। श्री कवासी ने कहा कि उन्होंने सर्व समाज संघ के गठन के लिए अपना कदम आगे बढ़ा दिया है।

अगर सभी समाज के लोग एकजुट होकर आगे बढ़ेंगे तो बस्तर को नई पहचान दिलाने से हमे कोई रोक नहीं सकता। इस बैठक को आदिवासी नेता चमन लाल कुंजाम, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय तिवारी, सहित सभी समाज प्रमुखों ने संबोधित किया। सर्व समाज संघ के नवनियुक्त अध्यक्ष बोमडा राम कवासी को समाज प्रमुखों द्वारा ग़जमाला पहनाकर स्वागत किया गया।

## पूर्व सेवा गणना को लेकर मुख्यमंत्री के नाम शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रांतीय आव्हान पर शिक्षक संघर्ष मोर्चा ब्लॉक इकाई दरभा के एलबी संवर्ग शिक्षकों के द्वारा 11 नवंबर को पूर्व सेवा गणना की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम मुकाअ जनपद पंचायत दरभा केशरीलाल फाफा को प्रभारी व जिला संचालक शिक्षक मोर्चा राजेश गुप्ता की उपस्थिति में ज्ञापन सौंपा गया।

यह जानकारी विकास खण्ड संचालक बुधराम कश्यप एवं महताप सिंह बघेल ने बताया कि संविलियन के बाद से सेवा गणना किए जाने के कारण एलबी संवर्ग के शिक्षकों की वर्षों की सेवा शून्य घोषित कर दी गई है। प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा गणना किया जाकर सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने, पुनरीक्षित वेतन के समय जो त्रुटि की गई उसमें 1.86 के गुणांक पर वेतन का निर्धारण करने, प्रदेश के समस्त शिक्षा कर्मियों शिक्षकों को क्रमोन्नति और समयमान वेतनमान मिलने, प्रदेश के रिक्त समस्त पदों पर पदोन्नति करने, प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा गणना कर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन का प्रावधान करने, प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा गणना कर न्यूनतम 10 वर्ष की सेवा में शिक्षक पेंशन के दायरे में लाने, साथ ही साथ लंबित महंगाई भत्ता व देय तिथि से महंगाई भत्ता की एरियर राशि देने की मांग को लेकर प्रदेश के 146 विकासखण्डों में मुख्यमंत्री के नाम शिक्षक मोर्चा ने ज्ञापन सौंपा है। इस अवसर पर जिला संचालक राजेश गुप्ता, मंगलराम मौर्य, हरिराम वेद व्यास, तुलादास मानिकपुरी, विकासखंड संचालक बुधराम कश्यप, महताप सिंह बघेल, नुपेंद्र सिंह ठाकुर, पुरुषोत्तम डडसेना,उमा चौरिया, शहनाज खान, रामधर मौर्य, झुमुकलाल ठाकुर, उग्रसेन यादव,मनोहर सिंह बरनाला, संपत चनाप, केशव भारद्वाज, राधामनी कश्यप, बरातू नेताम, गोकुल ठाकुर, आशाराम मौर्य, कृष्ण दास, डाबर सिंह निराला, बसंती नाग, अर्जुन मौर्य तथा एल बी संवर्ग संवर्ग के शिक्षक/शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## शिक्षक मोर्चा संघ ने की नारेबाजी...



**किलेपाल।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर पूर्व सेवा गणना मिशन अभियान के अंतर्गत 11 नवंबर को बस्तर जिला में शिक्षकों के लिए मोदी की गारंटी को लागू करने वेतन विसंगति दूर करने पूर्व सेवा गणना कर, क्रमोन्नति पुरानी पेंशन देने व एरियर्स सहित डीए आदि मांगों के लिए अनुविभागीय अधिकारी तहसीलदार, बीईओ को मुख्यमंत्री एवं अन्य विभागीय मंत्रियों एवं अधिकारियों के नाम पर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान बास्तानार ब्लॉक के समस्त शिक्षक संवर्ग अपनी मांगों को लेकर ब्लॉक के पदाधिकारी हेमंत मंडावी, कृष्णा गंधरला, मदन कौशिक, मुड़ो राम कश्यप सहित समस्त शिक्षक रहे मौजूद।

# सुकमा मंडल में भाजपा संगठन चुनाव की कार्यशाला सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



सोमवार को भाजपा सुकमा मंडल ने संगठन पर्व के तहत मंडल कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में हर बूथ में 11 सदस्यों की बूथ समिति गठन पर चर्चा की गई। समिति में अधिकतम तीन महिलाएं शामिल होंगी। 20 नवंबर तक संगठन पर्व के तहत सोमवार को भाजपा सुकमा मंडल की ओर से संगठन चुनाव की मंडल कार्यशाला हुई। कार्यशाला में सुकमा मंडल के बूथों में बूथ समिति के गठन पर चर्चा की गई। कहा कि हर बूथ में 11 सदस्यों की बूथ समिति का गठन किया जाएगा।

कार्यशाला में मंडल चुनाव अधिकारी धर्मेंद्र भदौरिया ने कहा कि 20 नवंबर तक सुकमा मंडल के हर बूथ में बूथ समिति का गठन किया जाएगा। 11 सदस्यों की बूथ समिति में अधिकतम तीन महिलाओं समेत समाज के सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व होगा। कहा कि जिन सदस्यों ने अभी तक सक्रिय सदस्यता के लिए आवेदन नहीं किया है, वह तत्काल सक्रिय सदस्यता के लिए आवेदन कर लें। मंडल सदस्य अभियान कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे ने कहा कि सदस्यता अभियान का प्रयास है कि हर वर्ग के लोग पार्टी से जुड़ें जिला में सभी मंडलो में कार्य शालाएं आयोजित किया जायेगा। सुकमा जिला में अब तक 12000 हजार से अधिक नए सदस्य जोड़े जा चुके है। बारसे ने कहा कि हर बूथ पर 200 सदस्य जोड़ने का लक्ष्य तय किया गया है, जिससे प्रदेश में 60 लाख सदस्य बनाने का उद्देश्य हासिल किया जाएगा। इसके साथ ही प्रत्येक कार्यकर्ताओं को सक्रिय सदस्य बनने के लिए कम से कम 50 सदस्य बनाना आवश्यक है।

सुकमा मंडल में 10000 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। बैठक में उपस्थित रहे जिला चुनाव सह आधिकारी नूपुर वैदिक, मंडल चुनाव अधिकारी धर्मेंद्र मोनू भदौरिया, चुनाव सहयोगी आयता राम मंडावी, मंडल अध्यक्ष डमरूराम नाग, मंडल महामंत्री खेमलाल सिन्हा, जिला मंत्री दिलीप पेद्दी, जिला कार्यालय प्रभारी रामगोपाल, सह प्रभारी विवेक यादव, कोषाध्यक्ष लीलाधर राठी, जिला मीडिया प्रभारी रमेश यादव, भाजपा प. भवर लाल टावरी, संजय सोढ़ी, राजकुमार श्रीवाने, बुधराम मंडावी, राजेंद्र कुलदीप, धनीराम यादव, जोगा राम बारसे, नारायण सोढ़ी, अनिल मंडावी, शिल्पा मंडावी, दीपक नेताम, चन्द्रिका गुप्ता, लक्ष्मी शर्मा, लच्छू मरकाम यशराज, सहित जिला मंडल के भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सुरेश चंद्राकर बनाये गये महाराष्ट्र के नवापुर विधानसभा के आब्जर्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



छग प्रदेश कांग्रेस एससी प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश चंद्राकर को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी एआईसीसी ने सौपी है। अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, एससी, एसटी आदिवासी कांग्रेस के चेयरमैन के राजू, एससी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश लिलोठिया, छत्तीसगढ़ एससी कांग्रेस प्रभारी पवन रात्रे, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, एससी कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष राजकुमार अंचल की अनुशंसा पर एआईसीसी के द्वारा बीजापुर निवासी एससी कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश चंद्राकर को उनकी कुशल कार्यशैली को देखते हुए महाराष्ट्र के नवापुर विधानसभा जो नंदुरबार जिले की प्रमुख सीट है, यहां से वर्तमान में कांग्रेस पार्टी से कृष्णकुमार सुरूप सिंह नायक विधायक हैं। जिन्हें कांग्रेस पार्टी ने पुनः मैदान में उतारा है। जिनके चुनाव आब्जर्वर की मुख्य जिम्मेदारी सुरेश चंद्राकर को सौपी गई है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए सुरेश चंद्राकर ने गांधी परिवार एवं शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है और जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करने व कांग्रेस प्रत्याशी को पुनः जीत दिलाने की बात कही है। वहीं चंद्राकर को मिली इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी से बीजापुर जिले के कार्यकर्ताओं में उत्साह है।

### सुदूर व माओवाद प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं में खेल का जबरदस्त उत्साह

# भय और आंतक के तिलिस्म को तोड़ता बस्तर ओलंपिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पहल पर बस्तर संभाग के युवाओं के प्रतिभा को निखारते बस्तर ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है। बीजापुर जिले के माओवाद प्रभावित सुदूर क्षेत्रों में भी बस्तर ओलंपिक को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। ब्लाक स्तरीय बस्तर ओलंपिक आयोजन भोपालपटनम एवं उसूर ब्लॉक में आज शुभारंभ हुआ।

भोपालपटनम के ब्लॉक स्तरीय आयोजन का कलेक्टर संबित मिश्रा ने विधिवत शुभारंभ किया। सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार एवं विशिष्ट अतिथि के रुप में मौजूद बंसत राव ताटी सहित जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने छत्तीसगढ़ महतारी एवं सरस्वती माता के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कलेक्टर मिश्रा ने ध्वजारोहण पश्चात समस्त खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षको को निष्पक्ष, पारदर्शिता एवं खेल भावना के साथ खेलने की शपथ दिलाई। कलेक्टर मिश्रा ने बालक-बालिका के 100 मीटर लंबी दौड़ को हरी झंडी दिखाया। खेल भावना के साथ स्वस्थ मन से अपनी पूरी क्षमता का बेहतर ढंग से प्रदर्शन कर जीत के लिए खिलाड़ियों को अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए बस्तर ओलंपिक के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने सेल्फीजोन में कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने सेल्फी ली। भोपालपटनम एवं उसूर ब्लॉक में सैकड़ो की संख्या में अंदरुनी एंव माओवाद प्रभावित क्षेत्रों के खिलाड़ियों में बस्तर ओलंपिक नया जोश और उत्साह का संचार देखने को मिला उसूर ब्लॉक के मारुड़बाका, पामेड़, धरमावरम, पुजारी कांकेर, गलगम, पुतकेल जैसे गांवो के युवाओं ने बस्तर ओलंपिक के आयोजन के संबंध में अपनी-अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते नजर आए।

धरमारम के युवा कबड्डी और व्हालीबाल प्रतियोगिता में भाग लेने आए हुए है। उन्होंने बताया कि विष्णुदेव साय सरकार के कार्यकाल में अंदरुनी क्षेत्रो में विकास की बयार बह रही है। पामेड़ क्षेत्र में सड़क पुल-पुलियो के विकास तेजी से हो रही। बिजली, पानी, कनेक्टिविटी मोबाईल टॉवर जैसे विकासमूलक कार्यों में अंदरुनी क्षेत्रों के युवा वर्ग मुख्यधारा की ओर अग्रसर हो रहे है। और बाहर निकलकर अपने स्वर्णिम भविष्य के लिए आशान्वित हो रहे है। इस तरह के आयोजन से युवा एवं खिलाड़ियों की प्रतिभा निखरकर बाहर आएगी और बाकि लोग भी प्रोत्साहित होंगे।

बस्तर ओलंपिक ग्रामीण युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर और खुला मंच है। जिस पर हम अपनी योग्यता और प्रतिभा को पूरी दुनिया को दिखा सकते है। भोपालपटनम एवं उसूर ब्लॉक के एसडीएम, सीईओ जनपद पंचायत सहित मैदानी अमला पूरी सक्रियता और सजगता के साथ सफल कार्यक्रम आयोजित कर रहे जिससे जनमानस में भी आयोजन को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की जा रही है।

खिलाड़ियों के रहने-खाने सहित सभी बुनियादि सुविधाओं व्यवस्था प्रशासन द्वारा कराई जा रही है।

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
6 & 7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.) 8819840000

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
▶ श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▶ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▶ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 TRUST | 130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
Google Rating | PHILIPS | PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### जनजातीय गौरव दिवस के लिए नोडल अधिकारियों ने लिया प्रशिक्षण

**कांकेर।** राष्ट्रीय पंचायत कांकेर में जनजातीय गौरव दिवस आयोजन के लिए ब्लॉक नोडल अधिकारियों के लिए एक दिवस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान आरजीएसए के अंतर्गत जनजातीय समुदायों के उत्थान और सशक्तिकरण के उद्देश्य से आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में पंचायत पेसा अधिनियम के अंतर्गत ग्रामसभा के अधिकारों और शक्तियों, पंचायती विकास सूचकांक पीडीआई, सतत विकास लक्ष्य एवं वन अधिकार अधिनियम के संबंध में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान उप संचालक पंचायत कांकेर द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं वर्षगांठ पर 15 नवम्बर 2024 को जिले की ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाली विशेष ग्रामसभा के सफल आयोजन के लिए ब्लॉक नोडल अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए।

### डूबने से मौत, परिजनों के लिए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर द्वारा गड्ढा में गिरने एवं कुंआ में डूबने से मृत्यु हो जाने के दो प्रकरण में उनके निकटतम परिजनों को चार-चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। नरहरपुर तहसील के ग्राम चनार के 6 वर्षीय देवीना सलाम की गड्ढा में गिरने से मृत्यु हो जाने पर उनके माता-पिता महावीर सलाम तथा प्रेमबती को चार लाख तथा सरोना तहसील के ग्राम बासनवाही निवासी 17 वर्षीय नोमेश्वरी पटेल की कुंआ में डूबने से मृत्यु हो जाने पर उनके निकटतम परिजन सूरजभान पटेल और कांतिबाई पटेल को संयुक्त रूप चार लाख की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### जहर सेवन से ग्रामीण की मौत

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत मुड़खुसरा निवासी 45 वर्षीय चम्पालाल सिन्हा की इलाज के दौरान 10 अक्टूबर को जिला अस्पताल में मौत हो गई। अस्पताल के वार्ड बॉय ने पुलिस को बताया कि मृतक ने जहर खा लिया था। अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### जहर खाने से युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत ग्राम कानापोड़ निवासी 40 वर्षीय मुकेश कुंजाम ने जहर खा लिया था, जिसका इलाज के दौरान जिला अस्पताल में 17 अक्टूबर को मौत हो गई। कांकेर थाना में शून्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी चारामा थाना पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

# मिशन साहसी में छात्राओं को शारीरिक और मानसिक रूप से शक्तिशाली बनाने का मिलता है मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा 11 नवम्बर से मिशन साहसी का शुभारंभ किया गया है, जो 19 नवम्बर तक चलेगा। मिशन साहसी में बालिकाओं के लिए 9 दिवसीय निःशुल्क आत्मरक्षा शिविर लगाया गया है। मिशन साहसी पीजी कॉलेज के पीछे स्थित हेलीपेड ग्राउंड में प्रातः 5 बजे से लगाया जा रहा है। कांकेर में 2015 से प्रतिवर्ष मिशन साहसी आयोजित किया जा रहा है। मिशन साहसी का उद्देश्य सभी छात्राओं में निहित शक्ति को उजागर करना तथा उनमें स्वयं पर विश्वास और आत्मबल पैदा करना है, ताकि वे सशक्त होकर न केवल अपनी रक्षा कर सकें, बल्कि निर्भय होकर देश और समाज की सेवा भी कर सकें। मिशन साहसी में छात्राओं को शारीरिक और मानसिक दोनों ही रूप में शक्तिशाली बनाने का कार्य किया जा रहा है, इसलिए आत्मरक्षा के प्रशिक्षण के साथ ही महिलाओं के साथ हो रहे अपराध का प्रतिकार करने उनके अधिकारों एवं किस प्रकार वो कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इसकी जानकारी भी दी जा रही है। प्रथम दिवस वक्ता के रूप में उपस्थित डीएसपी आरके साव ने कहा कि वर्तमान में साइबर क्राइम तेजी से बढ़ रहा है, जिसका मुख्य कारण है। जागरूकता का अभाव है। हमारे साथ स्केम करने वाले हमारे सामने आए बिना ही हमें लूट सकते हैं, यदि हम जागरूक नहीं है। इसके साथ ही डिजिटल अरेस्ट एवं सायबर सुरक्षा के विषय में जानकारी दी।

## छात्राओं के लिए नौ दिवसीय आत्मरक्षा शिविर का शुभारंभ



**बालिकाएं समझें, हम किसी से कम नहीं**

अधिवक्ता शीला सोनी ने कहा कि यदि कभी कोई घटना घट जाती है, तो उस घटना की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए, किसी घटना की पुनरावृत्ति तभी होती है, जब हम उसका खुलकर विरोध नहीं करते। अत्याचार को सहना ही उसे बढ़ावा देना है। बालिकाओं को चाहिए कि अगर कभी कोई घटना होती है, तो उसे अपने माता पिता को अवश्य बताए एवं विधिक सहायता लेकर उस घटना का विरोध करे। एबीवीपी के मिशन साहसी से जुड़ कर साहसी बने और समाज में एक उदाहरण प्रस्तुत कीजिए कि हम किसी से कम नहीं है।

### बालिकाओं को बना रहे सशक्त

परिषद वक्ता के रूप में एबीवीपी के जिला संयोजक आदित्य मिश्रा ने कहा कि भारत एक मात्र ऐसा देश है, जहां नारियों की पूजा होती है, जहां बालिकाओं को देवी के रूप में पूजा जाता है। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए हमें बाहर किसी अन्य देश से सीखने की आवश्यकता नहीं है। भारत का इतिहास गौरवशाली रहा है। भारत में देवी अहिल्याबाई होलकर, रानी लक्ष्मीबाई, रानीदुर्गावती जैसी अनेक उदाहरण है। हमें उन्हें पढ़ने और उनके सिद्धांतों पर चलने की आवश्यकता है। यदि हम भारत के गौरवशाली इतिहास को पढ़े और अपने महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलें तो जल्द ही भारत अपने परम वैभव के शिखर पर पहुंचेगा और यह जिम्मेदारी भारत के युवाओं की है।

**निर्देश :** पांच माह में निर्माण कार्य पूर्ण कराएं - कलेक्टर

# राज्योत्सव में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी और विभाग हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें उन्होंने सभी लाइन डिपार्टमेंट के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जितने भी निर्माण कार्य अधूरे अथवा अपूर्ण हैं, उन्हें अगले 4-5 माह में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें। कलेक्टर ने राज्य शासन की महत्वाकांक्षी नियद नेल्लानार योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए कहा कि क्लस्टर ग्राम पानीडोबीर सहित चयनित सभी गांवों में शासन की योजनाएं की पहुंच सुनिश्चित हो, इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी गंभीरता से ध्यान दें।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जिले में मोबाइल टॉवर की स्थापना के लिए सर्वे स्तर तक का कार्य अग्रिम रूप से पूरा करने के निर्देश सभी अनुविभागीय अधिकारियों को दिए और साथ ही वन अधिकार अधिनियम के तहत वितरित पट्टों की ऑनलाइन एंट्री का कार्य भी जल्द करने के लिए सभी एसडीएम को निर्देशित किया।

इसी तरह राज्य शासन के निर्देशानुसार आगामी 14 नवम्बर से धान खरीदी कार्य प्रारंभ होने से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने आवश्यकतानुसार बारदाने की उपलब्धता, स्टेकिंग, तारपोलिन, भण्डारण एवं परिवहन सहित धान उपार्जन केन्द्रों में सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश खाद्य अधिकारी, विपणन अधिकारी, नान प्रबंधक तथा नोडल अधिकारी सहकारिता को दिए। बस्तर ओलम्पिक-2024 की जिले में प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने आगामी 21 से 23 नवम्बर तक आयोजित होने वाले जिला स्तरीय ओलम्पिक में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए सभी जरूरी इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश खेल अधिकारी को दिए। इसके लिए एसडीएम कांकेर को आवश्यक समन्वय करते हुए प्रतिभागियों को बेहतर सुविधा मुहैया कराने के भी निर्देश कलेक्टर ने दिए। इसी तरह आगामी शुक्रवार 15 नवम्बर को राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के आयोजन के लिए सभी तैयारियां समय पूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को दिए।





### नियद नेल्लानार योजना के क्रियान्वयन में गंभीरता दिखायें अधिकारी

बैठक में कलेक्टर ने नियद नेल्लानार योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि यह राज्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजना है, जिसके क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को गंभीरता दिखाएं। उन्होंने कहा कि गत 8 नवम्बर को राज्य शासन के उच्चाधिकारियों की टीम ने जिले के प्रवास एवं समीक्षा बैठक के दौरान ग्रामीणों द्वारा स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले के अनुपस्थित रहने की शिकायत की गई। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी स्वास्थ्य कर्मी निर्धारित शेड्यूल के अनुसार अपनी ड्यूटी पर अनिवार्यतः मौजूद रहें, यह सुनिश्चित करें।

### इनका किया गया सम्मान

बैठक के दौरान कलेक्टर निलेश क्षीरसागर ने छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 5 नवम्बर को नरहरदेव शाउमावि के खेल परिसर में आयोजित राज्योत्सव-2024 में बेहतर ढंग से दायित्व निर्वहन करने वाले अधिकारियों तथा विभागीय योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी लगाने वाले 21 विभागों के अधिकारियों को प्रतीक चिन्ह, शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इनमें डीएफओ कांकेर आलोक वाजपेयी, बीएस उईके, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुर्रे, एसडीएम कांकेर अशोक मारबल सहित पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्कूल शिक्षा, कौशल विकास, वन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, पशु पालन, नगरीय प्रशासन, पुलिस, कृषि, जल संसाधन, रेशम, स्वास्थ्य, जनसम्पर्क, आदिवासी विकास, समाज कल्याण, लोक सेवा केन्द्र, महिला एवं बाल विकास तथा नियद नेल्लानार योजना पर आधारित लोक निर्माण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, सेतु निगम प्रदर्शनी शामिल थी।

### लंबित प्रकरणों का जल्द हो निराकरण

इसके अलावा कलेक्टर ने अनुभागवार एवं विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्धारित समय-सीमा में निराकृत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, ओडीएफ प्लस मॉडल विलेज, लखपति दीदी, जल जीवन मिशन, पीएमश्री, पोषण पुनर्वास केन्द्र सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर डीएफओ हेमचंद पहारे, बीएस उईके, जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी, अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुर्रे सहित सभी अनुविभागीय अधिकारी और जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## लोक महोत्सव 30 नवंबर को, संघ ने बैठक में बनाई रणनीति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

छत्तीसगढ़ लोक कलाकार कल्याण संघ जिला इकाई की बैठक 10 नवंबर को कोरर मंडी में हुई, जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए नए लोगों को नई जिम्मेदारी भी सौंपी गई। लोक महोत्सव का आयोजन 30 नवंबर शनिवार को करने पर विचार किया गया।

कोरर मंडी में आयोजित बैठक जिला संरक्षक लखन नेताम, डॉ. देवेंद्र साहू एवं परमानन्द कावड़े के नेतृत्व में प्रारंभ हुई और संघ के प्रदेशाध्यक्ष गुरुदास मानिकपुरी के निर्देश पर कांकेर जिले का जिला कार्यकारिणी पुनर्गठन किया गय। इसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश लोक कलाकार कल्याण संघ कांकेर के कार्यकारी जिलाध्यक्ष विकास राजु नायक और महिला प्रकोष्ठ के कार्यकारी जिलाध्यक्ष योगिता ठाकुर को मनोनयन किया गया। साथ ही आगामी लोक महोत्सव सम्बंधित आवश्यक चर्चा की गई, जिसमें लोक महोत्सव का आयोजन 30 नवंबर शनिवार को होगा और 1 दिसंबर रविवार को ब्लॉक पदाधिकारियों को विशेष जिम्मेदारी दी जाएगी। यह भी चर्चा की गई कि दो दिवसीय जिला स्तरीय लोक महोत्सव का आयोजन में हिस्सा लेने के लिए 20 नवंबर तक ब्लॉक अध्यक्ष के पास संस्था का नाम नोट करवा लें, अन्यथ आपकी संस्था को लोक महोत्सव से वंचित होना पड़ सकता है। चाहे वह लोक मंच हो या फिर रामायण, मांदरी, रामधुनी एवं अन्य कोई सांस्कृतिक संस्था उन संस्था के संचालक आवश्यक रूप इस बात को ध्यान देंगे। जिले में निवासरत सभी कलाकारों से आव्हान है कि लोक महोत्सव आयोजन में शामिल होकर सहयोग दें।

इस अवसर पर मुकेश साहू, अरविन्द बघेल, वर्षा पोया, पूजा कुलदीप, प्रीतम कोसमा, नरेश दीवान, गौतम देहारी, प्रकाश दीवान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## ब्लॉक स्तरीय सर्व आदिवासी समाज का गठन 17 को

**कांकेर।** जिला सर्वआदिवासी समाज के कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से जिला कांकेर के समस्त ब्लॉक के ब्लॉक स्तरीय सर्व आदिवासी समाज के गठन पर चर्चा की गई एवं ब्लॉक स्तरीय मुख्य कार्यकारिणी, महिला प्रभाग एवं युवा प्रभाग कार्यकारिणी के गठन करने व पदों के विस्तार के लिए जिले के स्तर पर समिति का गठन किया गया। जिला कांकेर के समस्त ब्लॉक में 17 नवंबर रविवार को उपस्थित होकर ब्लॉक स्तरीय सर्व आदिवासी समाज के गठन में सहयोग करेंगे एवं सर्व आदिवासी समाज जिला कांकेर द्वारा समस्त आदिवासी समाज के ब्लॉक स्तर पर पदाधिकारियों को बैठक में उपस्थित होकर गठन में सहयोग करने की अपील की गई है। बैठक को जिला सर्व आदिवासी समाज अध्यक्ष कन्हैया उसेण्डी, राजेश भास्कर कार्यकारी जिला अध्यक्ष गोंडवाना समाज, प्रकाश भंडारी जिला महासचिव सर्व आदिवासी समाज, धनीराम ध्रुव उपाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज, पेशीराम कुंजाम, ज्ञान सिंह गौर, रवि शंकर नेताम, तामेश्वर नाग गागड़ा, वीर सिंह उसेण्डी, अशोक नरेटी, नागशाय तुलावी, सुनाराम तेता, चंद्रहास नेताम, भगवान सिंह शोरी, तरेंद्र भंडारी,रमाशंकर दर्रो, हीरालाल मांझी, संतराम सलाम, शकुंतला तारम, ललित रणामी, धनीराम कोड़ोपी, गोवर्धन कोर्राम रतूराम नेताम इत्यादि उपस्थित रहे।



# ब्लॉक स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में मिले 129 आवेदन

**27 आवेदनों का मौके पर किया गया निराकरण**

**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल के ग्राम परेकोडो में 11 नवंबर को जनपद उपाध्यक्ष मनीषा मंडावी के अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया, जहां पर कुल 129 आवेदन प्राप्त हुए और 27 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष आवेदनों को संबंधित विभाग को निराकरण के लिए निर्देशित किया गया है।

शिविर में जनपद उपाध्यक्ष मनीषा मंडावी ने कहा कि क्षेत्र के लोगों को अपने मूलभूत समस्याएं जनकल्याणकारी योजनाओं को जन समस्या निवारण शिविर में पहुंचकर अपनी समस्या बताएं एवं समस्या का समाधान शासन के द्वारा निराकरण किया जाएगा। उन्होंने प्रदेश सरकार के द्वारा जन समस्या निवारण शिविर लोगों के सुविधा के लिए कलक्टर ग्राम पंचायत स्तर पर प्रशासन की ओर से की जा रही है, जिसमें लोगों को लाभ मिल सके और अपनी समस्या को प्रशासन के समक्ष रख सके। अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरडी ठाकुर ने क्षेत्र के लोगों द्वारा विभिन्न बुनियादी समस्याओं समस्त विभाग के अलग-अलग आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसे मौके पर 27 आवेदन का निराकरण किया गया है। वहीं शेष आवेदनों को संबंधित विभाग में भेजा गया है। इस तरह से लोगों की समस्या का समाधान विभाग द्वारा किया जाएगा।

जनपद पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरडी ठाकुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड के आम नागरिकों की आवश्यकताओं, शिकायतों एवं समस्याओं का समाधान के लिए जनपद स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया है। ग्राम परेकोडो में आयोजित शिविर में ग्राम पंचायत कलगपुरी, सिवनी, तराईघोटिया, तरहुल, हाटकोदल, भीरावाही, परेकोडो, झिटकाटोला सहित अन्य पंचायत के ग्रामवासी ग्रामीण शामिल हुए, जिसमें विभाग के आवेदन प्राप्त हुए। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 43 खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के 27 तथा राजस्व विभाग के 21 शिक्षा विभाग 1 वन विभाग 2 विद्युत विभाग 1 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग 3 कृषि विभाग 7 केडा विभाग 03 पशु पालन 2 कुल 129 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 27 आवेदन का मौके पर निराकरण किया गया एवं शेष 102 आवेदनों को संबंधित विभाग को भेजा गया।

इस अवसर पर सरपंच धनसिह ध्रुव त्रिभुन टेकाम, उमेशवरी मंडावी, सरपंच परेकोडो, झिटकाटोला, तरहुल, हाटकोदल, भीरावाही के अलावा तहसीलदार केतन भोयर, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी डीआर कोमरा, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज कुमार किसोरे, कार्यक्रम अधिकारी आशीष सोनकर, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, पशुपालन, मत्स्य, खाद्य, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित समस्त विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।




# हायर सेकंडरी स्कूल में शिक्षक पालक व बालक सम्मेलन हुआ

**सम्मेलन में छात्रों के सर्वांगीण विकास पर हुई चर्चा, कई निर्णय लिए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शिक्षक, पालक व बालक सम्मेलन का आयोजन पैराडाइज सीबीएसई हायर सेकण्डरी स्कूल में किया गया। इसमें कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक के पालक अपने बच्चों के साथ उपस्थित होकर बच्चों के प्रोग्रेस रिपोर्ट एवं विभिन्न भाषायी कौशल एवं गणित, विज्ञान तथा व्यक्तित्व विकास के विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। विषय शिक्षक से उनके विषय के बारे में छात्रों की प्रगति की चर्चा की गई। शारीरिक शिक्षा, नैतिक शिक्षा, साथ-साथ संगीत, नृत्य एवं कला मे उनकी रुचि की भी चर्चा की गई। पालकों ने महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। पैराडाइज स्कूल के बच्चों को पाठ्यक्रम के विभिन्न विषय के साथ-साथ योग ध्यान, विभिन्न आउटडोर, इनडोर गेम्स, मार्शलआर्ट, क्लासिकल एवं वेस्टर्न गीत संगीत एवं नृत्य, आर्ट एण्ड क्राफ्ट, स्पोकन इंग्लिश, बाल नैतिक शिक्षा एवं यूथ इम्पावरमेन्ट कक्षाओं का आयोजन प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा किया जाता है, जिससे प्रत्येक बच्चों का सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास हो और समाज के लिये अति महत्वपूर्ण मानव संसाधन बनकर अपने देश एवं मानव समाज की सेवा कर सकें। शिक्षक पालक बालक सम्मेलन मे सभी छात्र-छात्राओं को प्रगति की चर्चा की, ताकि जिन बच्चों के एक्स्ट्रा अटेंशन, रेमिडियल क्लास एवं उनका काउंसिलिंग कर उन छात्र-छात्राओं के लिये एक्स्ट्रा अटेंशन और रेमिडियल कक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। सभी बच्चों को समय नियोजित कर स्वयं से अध्ययन के लिए समय सारणी बनाकर सम्पूर्ण पाठ्यक्रम को गहनता के साथ अध्ययन अध्यापन करा कर अच्छे परिणाम के साथ-साथ छात्र-छात्राओं की सुदृढ़ व्यक्तित्व निर्माण को भी प्राथमिकता दिया जा सकें।

स्कूल द्वारा आयोजित विशेष शिक्षक पालक बालक सम्मेलन में लगभग सभी पालक संतुष्ट रहें। अपने बच्चों की अच्छी प्रगति से बहुत ही प्रसन्न एवं गौरवान्वित हुए। बच्चों के शिक्षण एवं प्रशिक्षण कार्य को अति उत्तम स्तर पर ले जाने में प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य हरिन्द्र गोलुगुरी, एडमिनिस्ट्रेटर हमीद खान, वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा, पवित्र बराई, रूबी खान, दीपांजली गोगोई, एस मर्सी, शबाना परवीन, तीरथ साहू, अवतार सिंह, कृष्णापद कुंभकार, भारती सेठिया, प्रतीक सिह, संगीता भारती, जीतूदास माण्डले, सरिता मिश्रा, सुचिस्मिता खान, इतिश्री गोलुगुरी, अनिल कुमार ढाके, उज्जवल निर्मलकर, शांति लीना नेताम, रीया सोनी, प्रीतिलता, सुन्नदा शर्मा, शिखा मेहरा, रचना शर्मा, लक्ष्मीनारायण नामदेव, तुलसी निषाद, अपूर्वा ठाकुर, रामेश्वरी साहू, टाकेश्वर साहू, सुकदेव सरकार, पार्वती गजबल्ला, सलमा खान, पविन्द्र साहू, पेंकेटेश, रिंकी सेठी, शिल्पी पालित, देवश्री साहू, निधि साहू, रविशंकर पटेल, प्रियंका श्रीवास्तव, सपना पाण्डे, कमलप्रीत कौर, संतोष ठाकुर, अभिनव सिंह व अन्य शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।




सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग- सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, फोड़ा फुंसी, कील मुहांसे, पिम्पल्स, सूजन, शीला, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर का इलाज
बवासीर - मलद्वार में मस्सा हो जाना, कभी कभी खून निकलना, कांटा चुभने जैसा दर्द, गुदा में जलन एवं खुजली होना का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक साफ न होने का इलाज




